तापमान
अधिकतम 22 डिग्री
न्यूनतम 8 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 व्यवसाय स्थापना की मिली व्यावहारिक जानकारी



## खबर संक्षेप

### हाथियों का दल क्षेत्र में कर रहा विचरण

**मनेन्द्रगढ़।** हाथियों का एक दल वन मंडल कोरिया के वन परिक्षेत्र देवगढ़ अंतर्गत हर्राडीह क्षेत्र तथा वन मंडल मनेन्द्रगढ़ के परिक्षेत्र बिहारपुर अंतर्गत चपलीपानी परिसर के कक्ष क्रमांक 859 के आसपास विचरण करता पाया गया है। वन विभाग के अनुसार इस दल में 10 से 14 हाथी शामिल हैं। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए आसपास के ग्रामों में मुनादी कराई जा रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है। वन अमले द्वारा क्षेत्र पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में किसी प्रकार की फसल, पशु, मकान अथवा जनहानि नहीं हुई है। हाथियों के आगे बढ़ने की संभावित दिशा में कांटो, झमाडांड, बैरागी, बसखोहार, मनियारी, शिवपुर, नवाडीह, हर्राडीह एवं निगनोहार गांव शामिल बताए गए हैं।

### कोरिया कालरी और जरौंधा में खुलेंगे नए पीएचसी

**मनेन्द्रगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर मनेन्द्रगढ़ की जनता के स्वास्थ्य हितों का ध्यान रखते हुए बड़ा निर्णय लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट के प्रावधान अनुसार नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की घोषणा की गई थी। घोषणा के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी करते हुए नगर निगम चिरमिरी के कोरिया कॉलरी और खड़गवां जनपद के ग्राम पंचायत जरौंधा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना के लिए पदो की स्वीकृति दे दी है। आदेश के अनुसार प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र के 1 चिकित्सा अधिकारी, 1 ग्रामीण चिकित्सा सहायक, 1 फार्मासिस्ट ग्रेड 2, 1 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 3 स्टाफ नर्स, 1 लैब टेक्निशियन, 1 सहायक ग्रेड 3, 1 वार्ड बॉय और 2 आया का पद शामिल है। मनेन्द्रगढ़ विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए क्षेत्र की जनता की तरफ से विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

### नाले के दूषित पानी से स्वास्थ्य खराब होने का खतरा

# मुक्तिधाम बदहाल, अंतिम संस्कार में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के कोयलांचल क्षेत्र के नगर पालिका शिवपुर-चरचा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 स्थित मुक्ति धाम इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। यहां बने घाट में नाले का गंदा और दूषित पानी सीधे पहुंच रहा है, जिससे घाट का पानी शुद्धिकरण योग्य भी नहीं रह गया है।

इस कारण अंतिम संस्कार जैसे पवित्र संस्कारों के संपादन में भारी परेशानियां सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मुक्तिधाम से होकर बहने वाला यह पानी नाले से जुड़ा हुआ है, जिसमें गंदगी, कचरा और दुर्गंध युक्त पानी लगातार मिल रहा है। घाट परिसर में बदबू फैल रही है, वहीं पानी का रंग भी काला पड़ चुका है। हालात इतने खराब हैं कि धार्मिक विधि-विधान के अनुसार अंतिम क्रिया करना भी लोगों के लिए मानसिक पीड़ा का कारण बन गया है। नाले के गंदे पानी के कारण यहां श्रद्धालुओं और परिजन में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इस स्थिति से उनकी आस्था को ठेस पहुंच रही है और प्रशासन की उदासीनता बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गंदे पानी के कारण संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। अंतिम संस्कार के दौरान वहां मौजूद लोगों को दुर्गंध और प्रदूषण के बीच रहना पड़ता है, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय है। वहीं स्थानीय नागरिक एक स्वर में मांग की कि नाले के पानी को तत्काल घाट से अलग किया जाए, घाट की संपूर्ण सफाई व गाद निकासी कराई जाए, पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने स्थायी व्यवस्था बनाई जाए, स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पहले भी शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। नाले का स्थायी डायवर्जन प्लान, मुक्तिधाम परिसर का सौंदर्यीकरण व नियमित सफाई, गंदगी फैलाने वालों पर नगर पालिका की सख्त कार्रवाई किया जाए। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका शिवपुर-चरचा और जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर कितनी शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई करता है।



नाले का दूषित पानी।

# संदिग्ध अवस्था में मिला मजदूर का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के पोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक का शव गुरूवार को कौड़िया नाला के किनारे से बरामद किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक वार्ड क्रमांक 1 मौहरीपारा का निवासी था और स्थानीय इंट भट्टे में मजदूरी करता था। परिजन ने बताया कि वह 7 जनवरी की दोपहर से घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। 8 जनवरी की सुबह उसका शव नाले के पास मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पोड़ी थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।



### परिवारिक विवाद में हत्या, आरोपी हिरासत में

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोततवाली क्षेत्र में पारिवारिक विवाद को लेकर एक आरोपी ने अपनी बड़ी मां को फावड़ा मारकर निर्मम हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी स्वयं सिटी कोतवाली बैकुंठपुर आकर पुलिस के पास आत्मसर्मपण कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थानांतर्गत ग्राम पतरापाली निवासी आरोपी सुखनंदन का पारिवारिक विवाद के कारण अपनी बड़ी मॉ से नाराजगी रहता था, इसे लेकर घटना दिवस को आरोपी सुखनंदन का अपनी बड़ी मॉ शांति बाई उम्र 65 वर्ष से विवाद हुआ और विवाद के फलस्वरूप आवेश में आकर आरोपी सुखनंदन ने अपनी बड़ी मॉ पर फावड़ा से वार कर लहुलुहान कर दिया। इस घटना से उसकी बड़ी मॉ शांति बाई मौके पर ही दम तोड़ दी। इधर घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी स्वयं सिटी कोतवाली पहुंच कर पुलिस के सामने आत्मसर्मपण कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

# जिपं सीईओ ने किया जपं का निरीक्षण

■ दो कर्मचारी नदारद

**मनेन्द्रगढ़।** जनपद पंचायत कार्यालय में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम ने अचानक औचक निरीक्षण कर दिया। बिना पूर्व सूचना हुए इस निरीक्षण से कार्यालय की कार्यप्रणाली की पोल खुल गई।

सीईओ ने कर्मचारियों की उपस्थिति, फाइलों की स्थिति, लंबित प्रकरणों और आम जनता से जुड़े कार्यों की प्रगति की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि दो कर्मचारी अपने निर्धारित समय पर कार्यालय में मौजूद नहीं थे। इस पर सीईओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि शासकीय दायित्वों में लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। समय पर कार्यालय न आना और काम में ढिलाई शासन की छवि को नुकसान पहुंचाती है। सीईओ ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि जनपद पंचायत आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ कार्यालय है। यहां आने वाले ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आते हैं। कर्मचारियों की गैरहाजिरी या उदासीन रवैया आम जनता को परेशान करता है। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।



# शीतलहर से कंपकंपाए लोग, जनजीवन प्रभावित

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। उत्तर भारत से आ रही शीतलहर के असर से जिले का तापमान लगातार गिरता जा रहा है। सुबह और रात के समय ठंड का असर सबसे अधिक देखा जा रहा है, जिससे लोग घरों में दुबकने को विवश हैं।

ठंडी हवाओं और घने कोहरे के कारण दृश्यता भी कम हो रही है, जिससे आवागमन में परेशानियां बढ़ गई हैं। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में भी ठंड का प्रकोप साफ नजर आ रहा है। अलसुबह सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। जरूरी काम से निकलने वाले लोग गर्म कपड़ों, टोपी, मफलर और दस्तानों में लिपटे नजर आ रहे हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को खास दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर लोग अलाव का सहारा लेकर ठंड से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी गरीब, ⏭ शेष पेज 4 पर



### शीतलहर से आमजन रहे एलर्ट

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे ने शीतलहर से बचाव के लिए सिविल सर्जन जिला अस्पताल एमसीबी, 200 बिस्तरीय अस्पताल मनेन्द्रगढ़ एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को निर्देशित किया गया है कि ठंड से पीड़ित व्यक्ति के उपचार के लिए पृथक से बेड आरक्षित रखे, उसके उपचार के लिए मशीन उपकरण आदि की व्यवस्था कर ली जानी चाहिए। ठंड में उच्च जोखिम समूह जैसे बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांगजन की देखभाल विशेष रूप से की जानी चाहिए,मैदानी कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को शीतलहर के लक्षण, बचाव उपाय के संबंध में जागरूक करने और आवश्यक तैयरियां रखने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में माह दिसंबर एवं जनवरी के दौरान शीतलहर का प्रकोप प्रायः देखने को मिलता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5-7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाता है।



## खबर संक्षेप



### कंदरई में नशा मुक्त समाज थीम पर लगा सात दिवसीय शिविर

**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंदरई की रासेयो इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गोद ग्राम पंचायत रतनपुर में 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक किया गया ,सात दिवसीय विशेष शिविर में रासेयो इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया। साथ ही स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर गांव की सभी सार्वजनिक स्थलों की सफाई करते हुए स्वच्छता हेतु लोगों को प्रेरित किया, स्वयंसेवकों द्वारा गांव के स्कूलों देवालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोगों के बैठने व विश्राम हेतु चबूतरे का निर्माण किया गया, स्वयं सेवको ने प्रतिदिन स्वच्छता, साक्षरता,शिक्षा,स्वास्थ्य,नशा मुक्ति,महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण आदि विषयों पर रैली नुक्कड़ नाटक और बौद्धिक परिचर्चा के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया, समापन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच मनोज कुमार सिरदार थे,अन्य अतिथियों में माखन जायसवाल, श्याम नारायण, कृष्ण राजवाड़े, बसंत मानिकपुरी, दुर्गादास, भानुदास उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य इलिना एक्का ने किया। सरपंच मनोज सिरदार ने ग्रामीणों से नशा से दूर रहते हुए ग्राम को स्वच्छ एवं नशा मुक्त बनाने की अपील की, कार्यक्रम अधिकारी गुलाब यादव द्वारा शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिविर में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी दी गई,अतिथियों द्वारा सभी शिविरार्थी को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन ओंकार व कशिश राजवाड़े व आभार प्रदर्शन पूर्व स्वयंसेविका सोन कुमारी सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कार्यक्रम अधिकारी जयसिन्ता तिर्की, राजीव कुमार सिंह,शांति सुखशारदन एक्का, प्रहलाद खर्रे, गणेश ठाकुर, जितेंद्र ढिल्लो, वंदना, पूनम, लीलावती, सुनीता यादव, मोहन देवांगन व अन्य सक्रिय रहे।

### शासकीय हाई स्कूल रामनगर में जरुरतमंद छात्राओं को वितरण की गई साईकल



**बिश्रामपुर।** शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल रामनगर में शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 36 जरुरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरण की गई,कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना एवं विद्यालय आवागमन को सुगम बनाना रहा,कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कलेश्वरी कुर्रे रहीं,विशिष्ट अतिथियों में सत्यनारायण जायसवाल,बाबूलाल यादव,डॉ सुनील श्रीवास्तव,सरपंच संगीता रोहित सिंह,बीडीसी संकेश्वर सिंह, मंडी अध्यक्ष श्यामलाल सिंह एवं बूथ अध्यक्ष विजय यादव उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती बाखला ने की।इस अवसर पर संकुल समन्वयक बिजेंद्र कुमार जायसवाल सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ,पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे,अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन,अनुशासन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशीप मेला का 12 को

**अंबिकापुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए 12 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेज शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता, जाति, निवास, आधार कार्ड एवं दो फोटो के साथ उक्त दिनांक को संस्था में उपस्थित हो सकते हैं।

## समितियां खरीदी के लिए खोज रही किराए की खाली जगह

# उठाव की धीमी गति से समितियों में धान जाम, नई जगह पर हो रही खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान उठाव की धीमी गति से सहकारी समितियों की समस्याएं बढ़ती जा रही है। उपार्जन केन्द्रों में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण आधा दर्जन से अधिक समितियों द्वारा दूसरी जगह धान खरीदी की जा रही है जबकि अन्य कई समितियां धान खरीदी के लिए नई जगह तलाश कर रही है।

**खास बात**

- अब तक मात्र 12 फीसदी धान का उठाव

विपणन संघ ने उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान के उठाव के लिए मिलरों को डीओ जारी कर दिया है लेकिन मिलर धान उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं। धान उठाव की धीमी गति के कारण उपार्जन केन्द्रों में धान रखने की जगह नहीं बची है जबकि हर दिन बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने समितियों में पहुंच रहे हैं। जगह के अभाव में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। समिति प्रबंधक खरीदे गए धान को हटाने के बाद दूसरे किसान का धान खरीद रहे हैं। इसके पूर्व भी कई बार धान उठाव की धीमी रफ्तार के कारण उपार्जन केन्द्रों में धान जाम होने की समस्या निर्मित हुई है लेकिन ऐसी स्थिति पहली बार निर्मित हुई है जब एक दर्जन से अधिक उपार्जन केन्द्रों में निर्धारित क्षमता से दोगुना से भी अधिक धान की खरीदी होने के बावजूद उठाव शुरू नहीं होने के कारण समितियों को अन्यत्र धान खरीदना पड़ा हो। जिस गति से धान का उठाव चल रहा है संग्रहित धान के उठाव में लम्बा समय लगने की संभावना जताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल इस अवधि तक 40 फीसदी धान का उठाव कर लिया गया था जबकि इस साल मात्र 13 फीसदी ही धान का उठाव हो सका है।



देवनगर में संग्रहण केन्द्र में जमा धान।

### नई जगहों पर खरीदी

उपार्जन केन्द्र में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण आधा दर्जन से अधिक सहकारी समितियां उपार्जन केन्द्र के पास किराए की जगह लेकर धान की खरीदी कर रही हैं। धौरपुर समिति द्वारा पिछले एक सप्ताह से स्टेडियम ग्राउंड में धान की खरीदी की जा रही है वही बरगवां समिति द्वारा धान खरीदी के लिए खाली जमीन की तलाश की जा रही है। विकासखण्ड प्रेमनगर अंतर्गत सहकारी समिति छिंदिया, गणेशपुर एवं बकिरमा द्वारा उपार्जन केन्द्र के पास ही धान खरीदी के लिए किराए पर खाली जमीन की व्यवस्था की गई है। बफर लिमिट से दोगुना धान खरीदी करने वाली अन्य समितियां भी धान खरीदी के लिए जगह तलाश रही है।

### बारिश होने पर होगा नुकसान

मौसम में लगातार बदलाव आने एवं पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण समिति प्रबंधक बारिश होने पर समितियों को भारी नुकसान होने की संभावना से चिंतित हैं। प्रबंधकों का कहना है कि विपणन संघ ने खरीदी के तीन दिन के भीतर उठाव करने का करार किया है लेकिन डेढ़ महीने से अधिक समय गुजरने के बावजूद अभी तक धान का उठाव प्रारंभ नहीं किया गया है। समितियों के पास धान की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं जिससे सूखत की मात्रा बढ़ने एवं बारिश होने पर धान के खराब होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

### इन केंद्रों में जाम की स्थिति

सरगुजा जिलान्तर्गत धान उपार्जन केंद्र कुन्नी, केरजू, खम्हरिया, गेरसा, चांदो, जमगला, बटवाही, भुषू, केशवपुर, दरिमा, सीतापुर, बलरामपुर जिलान्तर्गत कामेश्वरनगर, चांदो, जमड़ी, डिण्डो, त्रिकुण्डा, धंधापुर, बड़कागांव, बरतीकला, महाराजगंज, विजय नगर, राजपुर, विरेन्द्रनगर, सूरजपुर जिलान्तर्गत उमेश्वरपुर, उमापुर, कंदरई, कल्याणपुर, गणेशपुर, गोविंदपुर, चंदरपुर, टुकुडांड, दवनकरा, देवनगर, नवगई, प्रतापपुर, पोड़ी, बकिरमा, बतरा, बसदेयी, भैयाथान, रेवटी, रामनगर, रामानुजनगर, लटोरी, शिवप्रसाद नगर में निर्धारित क्षमता से दोगुना अधिक धान जाम हो गया है तथा धान रखने की जगह नहीं बची है। इन उपार्जन केन्द्रों में कभी भी धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

### हो रही परेशानी

धान उठाव की धीमी गति से समितियों को परेशानी हो रही है तथा जगह के अभाव में दूसरे स्थान पर खरीदी करना पड़ रहा है। उठाव में तेजी नहीं आने पर समस्या और अधिक बढ़ेगी।

-बालकृष्ण प्रताप सिंह
विपणन प्रबंधक, को-ऑपरेटिव बैंक



## धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने टोकन जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

धान खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने तथा जिन किसानों को अब तक टोकन नहीं मिला है, उन्हें शीघ्र टोकन उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में धान खरीदी को लेकर किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

कई समितियों में टोकन काटने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके अलावा धंधापुर समिति में 290, राजपुर 818 समिति तथा बरियों समिति में 237 किसानों का अब तक टोकन नहीं कट पाया है, जिसके कारण धान खरीदी नहीं हो पा रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि किसान लगातार समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष धान खरीदी भी कम की गई है। जांच के नाम पर किसानों को बार-बार परेशान किया जा रहा है। जिन किसानों ने समितियों से ऋण लिया है, उन्हें भी टोकन नहीं दिया जा रहा, जिससे उनकी समस्या और गंभीर हो गई है। धान खरीदी की समय-सीमा समाप्ति के करीब है। यदि समय रहते टोकन नहीं मिले तो किसानों को बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर धान बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि शेष किसानों को शीघ्र टोकन जारी किए जाएं और धान खरीदी की लिमिट बढ़ाकर किसानों का धान क्रय किया जाए।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, राम बिहारी यादव, पार्षद राहुल भारती, विजय सिंह, उमेश यादव, मेघनाथ टेकाम, नेतराम, जयप्रकाश, तेज कुमार, विक्रम यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## दल विशेष से मिला है 50 अतिरिक्त वोट समायोजित करने का निर्देश : सिंहदेव

**अंबिकापुर।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनिरिक्षण को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में पूर्व उपमुख्यमंत्री टी0एस0 सिंहदेव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में एसआईआर को लेकर नियुक्त प्रभारियों के साथ ही कांग्रेस के सभी सांगठनिक ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद थे। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि एक दल विशेष के द्वारा हाल ही में पार्टी कार्यकर्ताओं को सभी बूथ पर कांग्रेस के 50 वोट कटवाने के साथ ही अपने 50 अतिरिक्त वोट समायोजित करने के निर्देश दिए है। संभवतः इस कार्य में लगे अधिकारियों को भी इस बाबत अनौपचारिक निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसके प्रति सतर्कता बरतनी है। उन्होंने बूथ लेबल एजेंट को यह सलाह जारी किया है कि वे अपने बूथों पर बीएलओ से तालमेल कर दैनिक आधार पर आने वाली ऐसी सूची का अवलोकन कर इस कवायद पर नजर रखें एवं ऐसी अनियमितताओं से जिला संगठन को तत्काल अवगत कराएं ताकि इसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जिला संगठन के साथ ही ब्लॉक कार्यकारिणी और मंडल कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को तत्काल उनके बूथ पर बीएलए के साथ नियुक्त कर कार्य सम्हालने का निर्देश भी दिया है। साथ ही उन्होंने पूरे जिले में नवगठित 94 बूथ पर तत्काल बीएलए नियुक्त करने का भी निर्देश दिया है। मसौदा सूची में बडी संख्या में मतदाताओं के नाम विलोपित होने पर भी उन्होंने अपनी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्रों के वितरण के समय प्रशासन के द्वारा जारी आंकडों में 99 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को वितरित बताया गया था, लेकिन मसौदा सूची जारी होने पर बडी संख्या में अनुपस्थित और अनमैप्ड कैटेगरी में मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया जो इस पूरी प्रक्रिया पर प्रश्न खडा कर रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि दावा आपत्ती के अंतिम 15 दिन के दौर में कांग्रेस के सभी बीएलए के साथ ही संबंधित बूथ के कार्यकर्ता आम मतदाता के हित में सजग और सतर्कता के साथ कार्य करें। बैठक के संयोजन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को अगामी 2 दिनों के अंदर बूथ स्तर पर कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति कर उनकी सूची भेजने का निर्देश दिया।




## धान खरीदी अव्यवस्थाओं के विरोध में दवनकरा समिति में किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

दवनकरा धान उपार्जन केंद्र में व्याप्त अनियमितताओं,फर्जी ऋण प्रकरण, बोरा घोटाले, तौल में हेराफेरी और आदिमजाति सेवा सहकारी समिति दवनकरा की मनमानी के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। किसानों की हुंकार का नेतृत्व प्रदेश महामंत्री आदिवासी कांग्रेस शिव भजन सिंह मराबी ने किया।

- फर्जी लोन, बोरा घोटाला और भ्रष्ट समिति प्रबंधन पर फूटा किसानों का गुस्सा

किसानों का आरोप है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दवनकरा वर्षों से किसानों का शोषण कर रही है और इसके पीछे समिति प्रबंधक संतोष नाविक की भूमिका सबसे संदिग्ध और आपत्तिजनक रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि संतोष नाविक के कार्यकाल में धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई है। किसानों के नाम पर बिना जानकारी के फर्जी ऋण चढ़ाना, धान की गुणवत्ता के नाम पर उलट-पलट करना, घटिया और छलनी बोरे उपलब्ध कराना, तय सीमा से अधिक धान जबरन लेना और किसानों को लाइन में खड़ा परेशान करना रोजमर्रा की बात हो गई है। मौजूद किसानों ने बताया कि समिति प्रबंधक संतोष नाविक के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर अनियमितताओं की जांच हो चुकी है, जो जांच में सही पाई गईं, इसके बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिला महामंत्री इम्तियाज जफर ने कहा कि दवनकरा समिति लंबे समय से किसानों के आर्थिक और मानसिक शोषण का केंद्र बनी हुई है। प्रशासनिक चुप्पी ने समिति प्रबंधन के हौसले बढ़ा दिए हैं। प्रदेश महामंत्री शिव भजन सिंह मराबी ने कहा कि क्षेत्रों में किसानों के हक पर डाका किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धान खरीदी शासन की सबसे संवेदनशील प्रक्रिया है। धरना-प्रदर्शन के उपरांत प्रदर्शनकारियों द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही धान खरीदी व्यवस्था में सुधार, फर्जी ऋण प्रकरणों की जांच, बोरा व तौल व्यवस्था दुरुस्त करने तथा समिति प्रबंधक को तत्काल पद से हटाने की मांग की गई। इस दौरान रनसाय सोनपाकर, हरि कुशवाहा, सुखलाल, संग्राम देवांगन, छबिलाल, एजाज खान, अशोक शांडिल्य, कमलेश्वर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।




ज्ञापन सौंपते किसान।

## आदिवासी महिला की मौत के मामले में आयोग ने दिया 5 लाख मुआवजा देने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डेढ़ वर्ष पूर्व स्वास्थ्य अमले की लापरवाही से गंभीर रूप से बीमार शांति मराबी (55वर्ष) की मौत होने के मामले को मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लिया है। मामले में आयोग ने मृतिका के परिजन को 5 लाख रूपए का मुआवजा देने एवं दो सप्ताह के भीतर इससे आयोग को अवगत कराने के संबंध में 24 जनवरी 2025 तक मामले की रिपोर्ट मांगी है।

- भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने की थी शिकायत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती गंभीर रूप से बीमार शांति मराबी की जुलाई 2024 में मौत हो गई थी। मामले में परिजन ने स्वास्थ्य अमले पर गंभीर रूप से बीमार शांति मराबी को वार्ड में भर्ती न कर पर्ची पर दवा लिखकर घर रवाना करने का आरोप लगाया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने वस्तुस्थिति से राष्ट्रीय मानवाधिकार को अवगत कराने के साथ ही इसकी शिकायत की थी। पार्षद श्री दुबे की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने कलेक्टर से जांच रिपोर्ट मांगी थी। कलेक्टर ने मामले में अपनी जांच रिपोर्ट में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एवं नर्स द्वारा लापरवाही बरतने एवं लापरवाह चिकित्सक व नर्स के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने संबंधी अपनी रिपोर्ट भेजी थी। जांच रिपोर्ट में अनुसूचित जनजाति समाज की महिला की मौत होने के मामले में आयोग ने अपनी टिप्पणी में परिजन को मुआवजा भुगतान करने को न्यायोचित माना है तथा प्रदेश शासन को मृतिका परिजन को 5 लाख रूपए भुगतान करने का निर्देश दिया है। आयोग ने मुआवजा राशि की वसूली संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों से वसूल करने का विकल्प दिया है। आयोग ने 24 जनवरी 2026 तक इस संबंध में पूरी रिपोर्ट तलब की है।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 7 फरवरी

**बलरामपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी दी है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन संस्था के वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से भरा जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 8 जनवरी से 7 फरवरी तक निर्धारित किया गया है। प्रवेश हेतु परीक्षा की तिथि 1 मार्च निर्धारित की गई है।

### विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर में 359 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**लहपटरा।** विकासखंड स्तरीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर साप्ताहिक बाजार परिसर में आयोजित किया गया है। शिविर में आयुर्वेद के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जटिल असाध्याय जोड़ों का दर्द, अर्थ भगंदर, स्त्री रोग, उदार रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य मौसमी बीमारियों का इलाज व परामर्श देने के साथ ही निशुल्क औषधीय का वितरण किया गया। शिविर में आयुष विभाग द्वारा 359 रोगियों का निशुल्क उपचार कर औषधि बांटी गई तथा 88 रोगियों का रक्त प्रशिक्षण कर मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों का जांच किया गया। साथ ही 179 रोगियों का रक्तचाप बीपी की जांच की गई।



## जनभावना का सम्मान करते हुए हर वार्ड तक पहुंचेगा विकास : सिसोदिया

**अम्बिकापुर।** भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता एवं महापौर मंजूषा भगत की उपस्थिति में नगर निगम के पार्षदों, एमआईसी सदस्यों, पालक पार्षदों एवं छाया पार्षदों की बैठक हुई।

बैठक में जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि निगम चुनाव में जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है और बहुमत के साथ हमने निगम में भी सरकार बनाया है, हमें जनभावना का सम्मान करते हुए उन सभी वार्डों में कार्य करना है जहा हम पीछे रह गए हैं। छाया पार्षदों के साथ मिलकर ऐसे वार्डों में जन सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में हम सबको मिलकर कार्य करना है तथा वार्डों में सघन जनसंपर्क कर भाजपा के रीति नीति से प्रभावित लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करना है। चिन्हांकित वार्डों में इसके लिए संगठन ने पालक पार्षद नियुक्त किए हैं जो जनभावना के अनुरूप कार्य करेंगे। महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास पहुंचाना है। चुनाव परिणाम चाहे जैसे भी रहे हो, नगर निगम की जिम्मेदारी सभी नागरिकों के प्रति समान है। पालक पार्षद, पार्षद और छाया पार्षद मिलकर जमीनी स्तर पर समस्याओं की पहचान करेंगे और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जनसुविधा, स्वच्छता, मूलभूत ढांचे और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में कोई भी वार्ड उपेक्षित नहीं रहेगा। पीछे रह गए वार्ड फुंदूरडिहारी सेंट्रल वार्ड में छाया पार्षद परमेश सिंह नेताम हैं जहा पालक पार्षद के रूप में डॉ.शिवमंगल सिंह को नियुक्त किया गया है, इसी प्रकार बाल गंगाधर तिलक वार्ड में संजीता खलखो और रविकांत उरांव, पटपरिया वार्ड में आशा कुजूर और अनीता रवीन्द्र भारती, शहीद चन्द्रशेखर वार्ड में लवली ताम्रकार और मनोज गुप्ता, रैदास वार्ड में चंद्रमती कुशवाहा और शशिकांत जायसवाल, गुरूघासी वार्ड में विनोद वर्मा और श्वेता गुप्ता, गुरूनानक वार्ड में टिन्नी बाबरा और विजय सोनी, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में विकास वर्मा और श्वेता गुप्ता, रामानुज वार्ड में संगीता सोनकर और प्रियंका गुप्ता, गुरूघासी दास वार्ड में अमरजीत सिंह छाबड़ा और विपिन पाण्डेय, अग्रसेन वार्ड में शुभम अग्रवाल और मनीष सिंह, डॉ.जाकिर हुसैन वार्ड में विशेष केशरवानी और विशाल गोस्वामी, रफी अहमद किदवई वार्ड में नितिन गुप्ता और हरमिंदर सिंह टिन्नी, नवागढ़ वार्ड में अजय सारथी और जितेन्द्र सोनी, शहीद अब्दुल हमीद वार्ड में वसीम अंसारी और विकास पाण्डेय, गंगापुर वार्ड में संतोला सिंह और किरण सिंह तोमर तथा विशुनपुर वार्ड के लिए पवन हिमांशु भगत के साथ पालक पार्षद ममता तिवारी को नियुक्त किया गया है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष तथा आभार प्रदर्शन सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, अम्बिकेश केसरी, निलेश सिंह, कमलेश तिवारी, एमआईसी मेम्बर, पार्षद एवं छाया पार्षद उपस्थित थे।




## विकसित भारत जी राम जी अधिनियम गांवों की बदलेगा तस्वीर और तकदीर : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने संकल्प भवन में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 लाया गया है है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

- कहा मनरेगा से अधिक पारदर्शी और रोजगार बढ़ाने वाला कानून

भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कोरिया जिला प्रभारी ललन प्रताप सिंह, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, महामंत्री द्वय विनोद हर्ष एवं अरूणा सिंह, जिला संवाद प्रमुख रूपेश दुबे की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि यह अधिनियम किसानो, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वही अब ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। मजदूरी भुगतान सात दिनों के भीतर किया जाएगा। निर्धारित समय में भुगतान नहीं होने पर अतिरिक्त राशि दी जाएगी। खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियां प्रभावित न हो। मनरेगा में फर्जी मस्टर रोल, मशीनों का उपयोग था जिसे नया अधिनियम स्तः समाप्त करेगा। अधिनियम विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। अधिनियम के अंतर्गत जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन पर विशेष फोकस किया जाएगा।



# 51 साल की उम्र में ऋतिक ने कराया हॉट फोटोशूट



**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' के रूप में अपनी जगह पक्की कर चुके ऋतिक रोशन ने बुधवार को सोशल मीडिया पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर कर सभी को हैरान कर दिया है। 51 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस बरकरार है। ऋतिक हर बार अपने लुक से फैंस को हैरान कर देते हैं। ऋतिक ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया जिस पर उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी अपना रिएक्शन दिए बगैर रह नहीं पाईं। 2026 की शुरुआत में ऋतिक का यह दमदार फोटोशूट फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। इस फोटोशूट में ऋतिक आत्मविश्वास के साथ अपने 8 पैक एब्स फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style

# तापसी

## दर्शकों से जुड़ने वाली फिल्में करना है पसंद

अभिनेत्री तापसी पन्नू का मानना है कि वो कोई ऐसी फिल्म नहीं करती हैं, जो सिर्फ उनके बैंक का बैलेंस बढ़ाए। एक्ट्रेस ने बताया फिल्म चुनने से पहले किस बात पर ध्यान देती हैं। अभिनेत्री तापसी पन्नू अभिनय के अलावा अपने बेबाक बयानों को लेकर भी पहचानी जाती हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


पन्नू अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती रहती हैं। अब तापसी पन्नू ने अपने करियर को लेकर बात की और बताया कि कैसे कई फ्लॉप के बाद उन्हें अपने कॅरियर की राह मिली। साथ ही एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि कोई फिल्म चुनते वक्त उनके लिए क्या बात सबसे मायने रखती है। एक बातचीत के दौरान तापसी पन्नू ने लगातार फ्लॉप फिल्मों और दिल टूटने के बाद अपनी असली पहचान की खोज के बारे में खुलकर बात की। तापसी ने कहा कि मुझे अपनी असली पहचान पाने के लिए लगातार कई फ्लॉप फिल्मों और दिल तोड़ने वाले अनुभवों से गुजरना पड़ा।

मुझे एहसास हुआ कि मैं उन फिल्मों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करती हूं, जिनमें मेरा दिल और दिमाग पूरी तरह से उस चीज से जुड़ा होता है जिसे मैं पेश कर रही हूं। उस प्रोजेक्ट का दर्शकों के साथ गहरा जुड़ाव होता है। इसलिए अब मैं सिर्फ अपनी अंतरात्मा की सुनती हूं। मैं शायद उन प्रोजेक्ट्स को नहीं चुनती जो मेरे बैंक खाते को बढ़ाएं, बल्कि उन प्रोजेक्ट्स को चुनती हूं जो मेरी आर्टिस्टिक क्षमता को निखारें। एक ऐसा नया रास्ता बनाएं जिस पर ज्यादा लोग नहीं चलते।




## हॉलीवुड मसाला

# एवेंजर्स डूम्सडे का टीजर जारी



**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने 'एवेंजर्स डूम्सडे' का एक नया एक मिनट का टीजर जारी किया है। इसमें चार्ल्स जेवियर (पैट्रिक स्टीवर्ट) और उनके पुराने दुश्मन मैग्नेटो (इयान मैकेलेन) शतरंज खेलते हुए फिर से मिलते दिखाई देते हैं। मैग्नेटो अपनी गहरी आवाज में कहते हैं, 'मौत सबके लिए आती है। यह एक ऐसी चीज है जो मुझे पक्के तौर पर पता है। सवाल यह नहीं है कि 'क्या आप मरने के लिए तैयार हैं?' सवाल यह है कि 'जब आप आंखें बंद करेंगे, तो आप कौन होंगे?' इसके बाद जेम्स मार्सडेन का साइक्लोप्स अपना विजर हटाते हुए दिखता है।



# स्लो सिनेमा स्टाइल के बड़े नाम थे बेला टार

**लॉस एंजिल्स।** हंगेरियन के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक बेला टार का मंगलवार को 70 साल की उम्र में निधन हो गया। वे अपनी गहरी और डरावनी फिल्मों जैसे 'डैम्नेशन' और 'सैटनटैंगो' के लिए जाने जाते थे। उन्हें 'स्लो सिनेमा' आंदोलन का संस्थापक माना जाता है। बेला टार स्लो सिनेमा स्टाइल के बड़े नाम थे। इस स्टाइल में काले-सफेद दृश्य, लंबे-लंबे शॉट्स, कम बोलचाल, कोई पारंपरिक कहानी नहीं और पूर्वी यूरोप की रोजमर्रा की जिंदगी को उदास तरीके से दिखाया जाता है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण उनकी 1994 की फिल्म 'सैटनटैंगो' है, जो सात घंटे लंबी है। बेला टार का जन्म 21 जुलाई 1955 को हंगेरियन के पेक्स शहर में हुआ था। बचपन में उन्होंने टीवी पर छोटी भूमिकाएं कीं। 16 साल की उम्र से वे फिल्म बनाने लगे।



# दो दशक बाद भी काम न मिलने पर रोती हैं

**मुंबई।** लगभग दो दशक से भी पहले बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री नेहा धूपिया ने अपने करियर में अलग-अलग तरह की फिल्में की हैं। इस दौरान उन्होंने लीड एक्ट्रेस से लेकर सपोर्टिंग एक्ट्रेस तक के किरदार निभाए हैं। बेशक वो अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं, लेकिन एक्ट्रेस का मानना है कि काम न मिलने पर खाली बैठना काफी कष्टदायी होता है। सिर्फ प्रोफेशनल तौर पर ही नहीं, बल्कि इमोशनल रूप में भी ये काफी मुश्किल होता है। एक बातचीत के दौरान नेहा धूपिया ने करियर में काम न मिलने पर बात की और अपनी चिंता जाहिर की। एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैं काम नहीं कर रही होती हूं तो मुझे चिंता होती है। मेरे पास इससे निपटने के अपने तरीके हैं। इंडस्ट्री में 20 साल बिताने के बाद भी, जब काम बंद होता है, तो मैं तकिए में सिर रखकर रोती हूं।



# अर्जुन ने गोवा गैंग के साथ देखी धुरंधर

**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन रामपाल ने आदित्य धर की हालिया रिलीज फिल्म 'धुरंधर' में मेजर इकबाल के किरदार से काफी धूम मचाई। वहीं, हाल ही में अर्जुन ने अपने गोवा के दोस्तों संग फिल्म 'धुरंधर' देखी, जिसकी खास झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। अर्जुन रामपाल ने अपने दोस्तों के साथ मस्ती भरी पार्ची की कुछ झलकियां इंस्टाग्राम पर साझा कीं। इनमें सिनेमा हॉल में सभी को ग्रुप सेल्फी लेते हुए देखा जा सकता है। साथ ही डिनर के समय की भी एक तस्वीर है। यहां तक कि मिठाई और पेस्ट्री की थाली पर भी चॉकलेट से 'धुरंधर' लिखा हुआ दिखाई दे रहा है। अर्जुन रामपाल ने लिखा, 'अपने दोस्तों (गोवा के गैंगस्टर्स) के साथ 'धुरंधर' फिल्म देखने गया था। बहुत मजा आया। इसके बाद डिनर के लिए खूबसूरत टेर्टुलिया रेस्टोरेंट गए।

## टीवी मसाला



# नयनतारा में घोरकामिनी बनकर आईं सुधा चंद्रन

**नई दिल्ली।** टीवी की दिग्गज एक्ट्रेस सुधा चंद्रन चर्चा में हैं। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के कारण। बीते दिनों उन्होंने अपने घर पर माता की चौकी रखी थी, जिसमें वो अजीब हरकतें करने लगी थीं। कहा गया कि उनके ऊपर माता जी आ गई थीं। दूसरी तरफ उन्होंने फेमस 'नयनतारा' सीरियल में 'घोरकामिनी' बनकर एंट्री की है। साथ ही ये भी बताया है कि क्या वो 'नागिन 7' का हिस्सा होंगी। सुधा चंद्रन ने कहा कि अभी तक 'नागिन 7' के मेकर्स की तरफ से उन्हें कोई ऑफर नहीं मिला है। इसलिए वो एकता कपूर के इस शो का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने ये भी बताया कि सारे सीजन में उनकी फेवरेट नागिन मौनी रॉय हैं। उनका चाल-ढाल और आंखें... वो पूरी तरह से नागिन में ढल जाती हैं। इसके अलावा सुधा की 'नयनतारा' सीरियल में एंट्री हुई है। इसमें श्रुति बिष्ट और अर्जुन चक्रवर्ती लीड रोल में हैं। सुधा कहानी में बड़ा ट्विस्ट लेकर आई हैं। सुधा ने 'घोरकामिनी' बनकर शो में एंट्री की है। उन्होंने कहा, 'घोरकामिनी खुद को बुराई की कैटेगरी में नहीं रखती है। उसका मानना है कि दुनिया को फिर से बनाने के लिए उसका टूटना जरूरी है। वो कहती हैं, 'कहानी के अहम मोड़ पर नयनतारा से जुड़ने को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं।' कुछ दिनों पहले सुधा का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो अजीब हरकतें कर रही थीं। उन्होंने घर पर माता की चौकी रखी थी, जिस दौरान उनके ऊपर माता आ गई थीं।

## शार्क टैंक इंडिया 5: अनुपम-अमन में नोक-झोंक

**नई दिल्ली।** 'शार्क टैंक इंडिया 5' के लेटेस्ट एपिसोड में मुंबई का एक कपल अपने ब्रांड के लिए आया, तो उसे ऑफर देने के चक्कर में अनुपम मित्तल और अमन गुप्ता आपस में लड़ बैठे। दोनों ने एक-दूसरे को ताने मारे, खूब तंज कसे। तब नमिता थापर ने उनका बीच-बचाव किया। 'शार्क टैंक इंडिया' के अब तक हर सीजन में अमन गुप्ता और अनुपम मित्तल के बीच खट्टी-मीठी नोंकझोंक देखने को मिली। अब हाल ही जब पांचवा सीजन शुरू हुआ, तो एक बार फिर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। 'शार्क टैंक इंडिया' के लेटेस्ट एपिसोड में मुंबई का एक कपल अपने ब्रांड के लिए पहुंचा, पर उसके साथ डील साइन करने के चक्कर में अमन गुप्ता और अनुपम मित्तल आपस में भिड़ गए। दोनों ने एक-दूसरे की नौकरी और बंद हुईं कंपनियों पर ताना मारना शुरू कर दिया। यह देख नमिता थापर ने उनका बीचबचाव किया। मुंबई के रहने वाले पति-पत्नी वरुण दुग्गीराला और पूजा जौहर अपने ब्रांड के लिए 'शार्क टैंक इंडिया' में पहुंचे।



# कैटरीना -विक्की ने दिखाई बेटे की पहली झलक, किया नामकरण

**मुंबई।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने 07 नवंबर को पहली संतान के रूप में बेटे का स्वागत किया। अब उन्होंने अपने बेबी बॉय की पहली झलक फैंस को दिखाई है। बी-टाउन की इस खूबसूरत जोड़ी ने अपने बेबी बॉय का नामकरण किया है। कटरीना कैफ और विक्की कौशल ने अपने बेटे का नाम विहान कौशल रखा है। इसका अर्थ होता है 'रोशनी की किरण'। कटरीना और विक्की ने एक साझा इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस के साथ बेटे की पहली झलक साझा करते हुए, नाम का खुलासा किया है। हालांकि, उन्होंने तस्वीर में बेटे का चेहरा नहीं दिखाया है। कटरीना कैफ और विक्की कौशल कौशल ने एक फोटो शेयर किया है। इसमें दोनों बेटे विहान के नन्हे हाथ को थाने नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'हमारी उम्मीद की किरण, विहान कौशल'। आगे लिखा है, 'दुआएं कुबूल हुईं। जिंदगी खूबसूरत है। हमारी दुनिया पल भर में बदल गई, इसे बयां करने के लिए शब्द नहीं है। हम सिर्फ शुक्रगुजार हैं'। कटरीना कैफ और विक्की कौशल के इस पोस्ट पर फैंस जमकर बधाई दे रहे हैं। साथ ही सेलेब्स ने भी शुभकामनाएं दी हैं।



परिणीति चोपड़ा ने लिखा है, 'लिटिल बडी'। श्रेया घोषाल ने लिखा है, 'बधाई हो विक्की और कटरीना कैफ'। इसके अलावा शिबानी दांडेकर ने भी रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इनके अलावा दीया मिर्जा और भूमि पेडनेकर ने भी रिएक्शन दिए हैं। बीता वर्ष विक्की कौशल के लिए काफी खास रहा। पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों तरह से उनकी जिंदगी में खुशियां आईं। एक तरफ फरवरी में रिलीज हुई फिल्म 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। वहीं, दूसरी तरफ पर्सनल लाइफ में बेटे के जन्म से उनके परिवार में विस्तार हुआ। विक्की कौशल और कटरीना ने साल 2021 में शादी रचाई थी।

# स्कूल में बिपाशा को सब बुलाते थे 'लेडी गुंडा' पहली ही फिल्म में बना लिया था बॉलीवुड में दबदबा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई आउटसाइडर्स ऐसे आए, जिन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम रखते ही अपनी एक्टिंग और खूबसूरती के दम फैंस को दीवाना बना दिया। 2000 के दशक में एक ऐसी ही खूबसूरत बला ने बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा था, जिन्होंने आते ही बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं, बल्कि फैंस के दिलों पर भी कब्जा कर कर लिया था।पहली ही फिल्म के लिए बेस्ट डेब्यू का अवॉर्ड जीतने वाली इस खूबसूरत हसीना ने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाएंगी।



***पर्सनैलिटी की वजह से 'लेडी गुंडी' कहलाती थीं :*** हम जिस खूबसूरत बंगाली ब्यूटी की बात कर रहे हैं, वह कोई और नहीं, बल्कि सबके दिलों पर राज करने वाली बिपाशा बसु हैं। 'राज' एक्ट्रेस का जन्म 7 जनवरी 1979 में दिल्ली में हुआ था, लेकिन वह कोलकाता में पली बढ़ी। 47 साल की बिपाशा बसु ने एक थ्रो-बैक इंटरव्यू में खुद ये खुलासा किया था कि जब वह स्कूल में थी, तो लोग उन्हें 'लेडी गुंडा' बुलाया करते थे। दरअसल, जब बिपाशा से ये पूछा गया था कि स्कूल में वह उन पर लाइन मारने वाले लड़कों को कैसे हैंडल करती थीं, तो एक्ट्रेस ने कहा था, 'मुझे कभी उन्हें हैंडल करने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि मैं अपने स्कूल में सबसे बिगडैल लड़की के रूप में मशहूर थी, जो सबको मारती थी, इस कारण वह मुझसे सावधान रहते थे। स्कूल के समय में मैं 'लेडी गुंडा' थी।'

***नेगेटिव भूमिका से रखा था कदम :*** शुरुआती दौर में कई फिल्मों को न करने के बाद बिपाश बसु ने फाइनली अब्बास-मस्तान की मल्टी स्टारर फिल्म 'अजबनी' से बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल-अक्षय कुमार और बिपाशा बसु भी नजर आए। फिल्म को भले ही मिक्स रिव्यू मिले हो, लेकिन बिपाशा बसु को उनके रोल के लिए काफी सराहना मिली। इसके बाद बिपाशा बसु ने राज, आंखें, मेरे यार की शादी है, चोर मचाए शोर, गुनाह, जिस्म, फुटपाथ, जमीन, नो एंट्री, फिर हेरा फेरी और धूम 2 जैसी फिल्मों में काम किया। उनकी लास्ट फिल्म 2015 में अलोन आई थी और 2018 में उन्होंने वेलकम टू न्यूयॉर्क में एक छोटा सा रोल किया था।

### बनना चाहती थीं डॉक्टर

बिपाशा बसु ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में ये भी बताया था कि उनका एक्टिंग फील्ड से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था। अपने 12वीं की परीक्षा पूरी होने के बाद वह मेडिसिन करना चाहती थीं, जिसके लिए उन्होंने कॉमर्स भी ली थी। डॉक्टर बनने की चाहत रखने वाली बिपाशा का इंटरेस्ट वहां से शिफ्ट होकर एक्टिंग की तरफ तब आया, जब वह साल 1996 में कोलकाता के एक होटल में अर्जुन रामपाल की पहली पत्नी मेहर जेसिया से मिली, जो उस समय की बड़ी मॉडल थीं। उसी साल उन्होंने 'गोदरेज सिंथोल सुपरमॉडल' का खिताब भी जीता। बस इसके बाद बिपाशा ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और वह अपने करियर में आगे बढ़ती गईं। उन्होंने मियामी में 'फोर्ड मॉडल्स सुपरमॉडल ऑफ द वर्ल्ड' में भारत को रिप्रेजेंट किया।

## गफूर घिसेला, बाबू चिपके ... फिर कभी नहीं आए नजर

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के किरदार, जो चंद सीन्स में ही लूट ले गए मजमा

***नई दिल्ली।*** *यहां 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन 6 किरदारों के बारे में बता रहे हैं, जो चंद सीन्स या कुछेक एपिसोड्स में नजर आए, पर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ गए। इन किरदारों को जिन्होंने निभाया, उनमें कोई ड्रेसमैन तो कोई मेकअप मैन भी रहा। एक एक्टर ने तो शो में 20 से अधिक किरदार निभाए हैं। जब भी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के किरदारों की बात होती है तो सभी के जेहन में जेठालाल, दयाबेन, बापूजी, तप्पू सेना, पोपटलाल, मिस्टर भिड़े और बबीता जी के ही नाम आते हैं। पर कुछ किरदार ऐसे भी रहे हैं, जो शो में चंद सीन्स या कुछ एपिसोड्स में ही नजर आए, पर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ गए। चाहे वह गफूर घिसेला का किरदार हो, सखाराम पेंटर का या फिर बाबू चिपके और इंस्पेक्टर चालू पांडे। ये किरदार सिर्फ कुछ ही देर के लिए स्क्रीन पर दिखे, पर हमेशा के लिए दिलों में बस गए। इन किरदारों को जिन एक्टर्स ने निभाया है, पता है वो कौन हैं? उनमें से एक ने जहां 'तारक मेहता' में 10 तो वहीं दूसरे ने 20 से अधिक किरदार निभाए।*

### गफूर घिसेला- नीलेश दिवेकर

गफूर घिसेला का किरदार 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सिर्फ दो ही एपिसोड्स में नजर आया था, पर जबरदस्त गदर मचाया था। इसे एक्टर नीलेश दिवेकर ने निभाया था। शो में उनके वन लाइनर्स मशहूर हो गए थे। जैसे कि- बिना फोटो के फ्रेम, बिना रस के गुल्ले और बिना टेरेस की बिल्डिंग। नीलेश दिवेकर फिल्म'3 इडियट्स' में नजर आए एक्टर ओमी वैद्य के कजन हैं, जिन्होंने उस फिल्म में साइलेंसर का रोल प्ले किया था।

### ड्रेसमैन और मेकअप डिपार्टमेंट वाले ने निभाया मगन का रोल

मगन का किरदार मिलिंद ने निभाया था। शो में वह जेठालाल की गाडा इलेक्ट्रॉनिक्स में काम करता है। दरअसल, मिलिंद 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ड्रेसमैन हैं। वह शो के मेकअप डिपार्टमेंट को भी संभालते हैं। मगन के सिर्फ कुछ ही सीन्स थे, फिर भी यह किरदार दर्शकों के दिलों पर छा गया था।



### मटका किंग मोहनलाल रहा हिट, पर शो से हटा दिया गया

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का एक और एक किरदार जो बहुत पॉपुलर हुआ, वह था मटका किंग मोहनलाल। इसे एक्टर अनिल यादव ने निभाया था। यह किरदार अपनी अनोखी हरकतों और डायलॉग के लिए चर्चा में रहा था। फैंस ने मटका किंग के किरदार को खूब प्यार दिया, पर इसे फिर भी शो से हटा दिया गया था, जिससे दर्शक भी नाराज हो गए थे। दरअसल, मटका किंग जुआरी था और वह जब-जब गोकुलधाम सोसाइटी में आता था तो सबके लिए परेशानियां खड़ा कर देता था।

### सखाराम पेंटवाला, इस एक्टर ने निभाया था रोल

सखाराम पेंटवाला के किरदार को कैसे भूल सकते हैं? आखिरकार सखाराम को ही तो पूरी गोकुलधाम सोसाइटी में पेंट करने का काम दिया जाता है। इस किरदार को अरुण कदम ने निभाया था, जो एक मराठी एक्टर हैं। उन्होंने 'तारक मेहता' में 10 किरदार निभाए थे और हर किरदार में तारीफें बटोरीं।

### बाबू चिपके बने थे नीलेश भट्ट निभाए 20 से अधिक किरदार

तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बाबू चिपके का किरदार भी खूब पसंद किया गया था। इसने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया था। इस किरदार को एक्टर नीलेश भट्ट ने निभाया था। नीलेश कितने टैलेंटेड हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 'तारक मेहता' में 20 से अधिक किरदार निभाए हैं। कभी वह सुंदर के दोस्त तो कभी हरियाली होटल के मैनेजर तो कभी शराबी ड्राइवर के किरदार में दिखे। नीलेश भट्ट गुजराती एक्टर हैं और उन्होंने 'ऑल इज वेल' और 'ओह माय गॉड' जैसी हिंदी फिल्में भी की हैं।

### घंसू घायल- नितिन ने निभाया रोल, शो की कहानी भी लिखी

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में यह किरदार कुछ ही एपिसोड में नजर आया था, पर छा गया था। इसे नितिन केसवानी ने निभाया था। नितिन केसवानी एक्टर ही नहीं, स्क्रीनराइटर भी हैं। उन्होंने 'तारक मेहता...' के कुछ एपिसोड्स की कहानी भी लिखी है। एक बार उन्होंने इस शो के लिए बेस्ट स्टोरी का अवॉर्ड भी जीता था।

## खबर संक्षेप

### कानून व्यवस्था की जानकारी अब सोशल मीडिया पर

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में आमजन तक कानून-व्यवस्था, जनहित सूचनाएं और सुरक्षा से संबंधित ताजा जानकारी त्वरित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के आधिकारिक फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स (ट्विटर) अकाउंट सक्रिय हैं। जिला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अधिक से अधिक संख्या में फॉलो करें। पुलिस विभाग के अनुसार इन सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति, जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं, यातायात एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक अपडेट समय-समय पर साझा किए जाते हैं, इससे आम नागरिकों को प्रमाणिक और त्वरित जानकारी मिल सके। जिला पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इन आधिकारिक अकाउंट्स को फॉलो, लाइक एवं शेयर कर जनसुरक्षा अभियान में सहभागी बनें।

### श्री रामचरित मानस गायन वादन का होगा आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सरडी में समस्त ग्रामवासियों द्वारा श्री रामचरित मानस गायन वादन महा सम्मेलन का आयोजन 20 से 22 जनवरी तक किया गया है, इसके लिए मानस मंडलियों के पंजीयन के लिए 15 जनवरी तक की तिथि निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार उक्त प्रतियोगिता ग्राम के राधेकृष्ण मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। आयोजित प्रतियोगिता में मानस मंडली के लिए प्रथम पुरस्कार 8000 ,द्वितीय 6000, तृतीय 4000, चतुर्थ 2000, पंचम 1500 रूपए निर्धारित है। इसी तरह महिला मंडली के लिए प्रथम पुरस्कार 8000, द्वितीय 6000, तृतीय 4000, चतुर्थ 2000, पंचम 1500 रूपए निर्धारित किया गया है, इसके अलावा बाल एवं बालिका मंडली के लिए प्रथम 500, द्वितीय 3500, तृतीय 2000, चतुर्थ 1500, पंचम 1100 रूपए निर्धारित किया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शीतलहर से कंपकंपाए...

बेसहारा और खुले में रहने वाले लोगों को हो रही है। फुटपाथों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोग कड़ाके की ठंड में रातें गुजारने को मजबूर हैं। समाजसेवी संगठन और कुछ स्वयंसेवी संस्थाएं जरूरतमंदों को कंबल और गर्म कपड़े वितरित कर राहत पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन जरूरत अभी भी काफी अधिक है। कृषि क्षेत्र पर भी ठंड का असर पड़ रहा है। ठंड और पाले की आशंका से किसान चिंतित हैं। सब्जी और अन्य रबी फसलों को नुकसान की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ सकता है, जिससे तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें, विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों का ध्यान रखें। कड़ाके की ठंड ने एमसीबी जिले में लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बदल कर रख दिया है।

### 14 फरवरी तक होगी सुनवाई

# विशेष गहन पुनरीक्षण निराकरण की प्रक्रिया शुरू

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026) के अंतर्गत जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संचालित की जा रही है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। साथ ही गहन पुनरीक्षण के दौरान जिन मतदाताओं की फैमिली लिंकिज नहीं पाई गई है, उन्हें नोटिस जारी कर तामीली के पश्चात सुनवाई की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अधिसूचित किए गए हैं। दावा-आपत्ति एवं नोटिस निराकरण के लिए विभिन्न मतदान केन्द्रों एवं कार्यालयों में सुनवाई स्थल निर्धारित किए गए हैं, जिनमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय बैकुंठपुर, तहसील कार्यालय बैकुंठपुर, पोड़ी-बचरा, सोनहत, नगर पंचायत पटना, नगरपालिका बैकुंठपुर एवं शिवपुर-परवा शामिल हैं। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. उमेश कुमार पटेल आवंटित मतदान केन्द्र 112 से 116 तथा 93 से 97 एवं कार्यालय स्थल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर इसी प्रकार सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण डॉ. अमृता सिंह मतदान केन्द्र 119, 217 से 128 तथा 140 से 188 कार्यालय तहसील बैकुंठपुर, प्रतिक जायसवाल मतदान केन्द 35 से 106 एवं 120 कार्यालय नगर पंचायत पटना, मुखदेव यादव मतदान केन्द्र 189 से 234, तहसील कार्यालय पोड़ी-बचरा, संजय दुबे मतदान केन्द्र 107 से 118, 129 से 139 कार्यालय नगरपालिका बैकुंठपुर, वशिष्ट ओझा मतदान केन्द्र 1 से 34 कार्यालय नगरपालिका शिवपुर चरचा तथा संजय कुमार राठौर मतदान केन्द्र 137 से 218 कार्यालय तहसील सोनहत को बनाया गया है। निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित क्षेत्रों के बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को नोटिस की तामीली सुनिश्चित की जाए तथा सुनवाई स्थलों का व्यापक प्रचार किया जाए, जिससे मतदाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित हो सकें। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयु, पहचान एवं निर्धारित 13 प्रकार के वैध दस्तावेजों के आधार पर मतदाता सत्यापन किया जाएगा।

मतदाता पंजीयन एवं सत्यापन का अंतिम निर्णय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा लिया जाएगा। हालांकि, निर्णय से असंतुष्ट मतदाता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 के तहत प्रथम अपील जिला निर्वाचन अधिकारी तथा द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# व्यवसाय स्थापना की मिली व्यावहारिक जानकारी

### 32 प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने, नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा एमएसएमई क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभा कक्ष में उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का सफलतापूर्वक आयोजन एवं समापन किया गया।

यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा राज्य सरकार की उद्यमिता प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह (एसएचजी) सदस्यों, स्टार्टअप संस्थापकों एवं नए उद्यम स्थापित करने के इच्छुक प्रतिभागियों को व्यवसाय स्थापना, प्रबंधन एवं सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोरिया के विनय टेगौर एवं एसएस खुसराम द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रैंप योजना उद्यमियों को तकनीकी उन्नयन, क्षमता निर्माण, बाजार विस्तार एवं प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। प्रशिक्षकों ने उद्यमिता को रोजगार सृजन, आर्थिक विकास एवं आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नए उद्यमियों को सही दिशा प्रदान करते हैं तथा स्थानीय स्तर पर मजबूत एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय अवसरों की पहचान, सफल उद्यमी के गुण, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, आवश्यक पंजीकरण एवं कानूनी औपचारिकताएं, एमएसएमई पंजीकरण, वित्तीय सुलभता, ऋण आवेदन प्रक्रिया, क्रेडिट गारंटी योजनाएं, बाजार एवं विपणन रणनीतियां, डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग, लागत एवं जोखिम प्रबंधन तथा व्यवसाय निरंतरता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किए गए तथा प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम में बैकुंठपुर क्षेत्र से 32 इच्छुक प्रतिभागियों, नए उद्यमियों, एसएचजी सदस्यों एवं स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रेविका उपाध्याय, अभय, तुलेश्वर सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# डोमनहिल में एनआरआई ने समाजों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल**



क्षेत्र स्थित सुभाष चंद्र बोस क्लब में क्षेत्र के विभिन्न समाजों द्वारा एनआरआई समाजसेवी चंद्रकांत पटेल का उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों के लिए उन्हें एक महत्वपूर्ण सामाजिक व्यक्तित्व के रूप में सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुस्लिम समाज की ओर से माइकल अली ने श्री पटेल के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि विगत 39 वर्षों से अमेरिका में निवास करने के बावजूद वे प्रतिवर्ष अपनी जन्मभूमि आकर स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने तथा लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने बताया कि श्री पटेल द्वारा शिक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास एवं सामुदायिक कल्याण के लिए धन व संसाधनों का दान किया जाता रहा है, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। पहले मुस्लिम समाज की बालिकाओं में शिक्षा के प्रति रुचि कम थी, लेकिन क्षेत्र में नर्सिंग एवं अन्य कॉलेजों की स्थापना के बाद अब मुस्लिम समाज की बच्चियां भी अन्य समाजों की छात्राओं के साथ शिक्षा ग्रहण कर देश-विदेश के प्रतिष्ठित अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे रही हैं, उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सिख समाज की ओर से मनजीत सिंह ने कहा कि विदेश जाने से पूर्व श्री पटेल एक अधिवक्ता एवं भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाते थे। वे प्रारंभ से ही जुझारू प्रवृत्ति के रहे हैं और समाज सेवा के प्रति सदैव संकल्पित रहे। विदेश में रहने के बावजूद उनका क्षेत्र के लोगों से गहरा लगाव तथा जरूरतमंद और गरीब वर्ग के प्रति संवेदनशीलता हमेशा याद रखी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान डोमनहिल की बेटी खुशबू सिंह के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में चयन पर भी उन्हें सम्मानित किया गया। समाज के लोगों ने इसे नारी सशक्तिकरण एवं देश सेवा के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक ददन सिंह, रामकुमार दुबे, पप्पू झा, सोमनाथ प्रधान, प्रदीप प्रधान, राजेश्वर श्रीवास्तव, गोपाल द्विवेदी, राकेश श्रीवास्तव, विजय नेवर, शंभू ओझा, दिनेश यादव, पार्षद दीपा दुबे सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।



### मनेन्द्रगढ़ में चला संयुक्त चेकिंग और समझाइश अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह के तहत एमसीबी पुलिस एवं आरटीओ विभाग द्वारा संयुक्त पहल की गई। यह अभियान पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। मनेन्द्रगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस और आरटीओ स्टाफ ने बस स्टैंड एवं खेड़िया तिराहा क्षेत्र में संयुक्त रूप से बस, ऑटो एवं टैक्सी वाहनों की जांच की। इस दौरान कुल 12 बस, 18 ऑटो एवं 2 टैक्सी चालकों से मौके पर ही वाहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। जिन वाहनों के दस्तावेज पूर्ण पाए गए उन्हें आगे भी सभी कागजात दुरूस्त रखकर वाहन चलाने की समझाइश दी गई,वहीं जिन चालकों के दस्तावेज अपूर्ण थे, उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समय रहते कागजात पूर्ण करने की चेतावनी दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रों को मिला सफलता का मंत्र, विद्यार्थियों से संवाद

**हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी**



हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में मिशन हंड्रेड के अंतर्गत दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दिलाने के उद्देश्य से विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत करना, लक्ष्य के प्रति केनद्रित करना और शत-प्रतिशत सफलता के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में जिले के जिला शिक्षा अधिकारी वीके राय, सलका डाइट प्राचार्य विनय मोहन भट्ट, ब्रिज राज गिरी, सहित जिले के पदाधिकारी, विद्यालय प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे। जिला भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी वीके राय जब हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, कक्षाओं की स्थिति और विद्यार्थियों की पढ़ाई की प्रगति की जानकारी ली, इसके बाद उन्होंने कक्षा 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के सुझाव दिए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री राय ने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि मिशन हंड्रेड के तहत जिले का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक विद्यार्थी उत्कृष्ट अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करें और अपने विद्यालय, परिवार तथा जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे प्रतिदिन नियमित अध्ययन की समय-सारिणी बनाएं, कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दें, शिक्षकों से संकोच छोड़कर प्रश्न पूछें, मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर फोकस करें तनावमुक्त होकर परीक्षा दें। श्री राय ने कहा कि परीक्षा को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से ही बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से भी अपील की कि वे विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं, बल्कि उन्हें सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करें। डाइट प्राचार्य विनय मोहन भट्ट ने उत्तर लेखन की सही विधि, समय प्रबंधन और प्रश्न पत्र को समझकर हल करने की रणनीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अच्छे अंक पाने के लिए विषय की समझ के साथ-साथ प्रस्तुतीकरण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# मुंगेली साहित्य मंच के समारोह में बीरेन्द्र सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**



कविता चौराहे पर साहित्य मंच मुंगेली का 21 वां स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह मनेन्द्रगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार बीरेन्द्र श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य एवं बिलासपुर के साहित्यकार विजय कुमार तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। छग के बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर दुर्ग से आए साहित्यकारों एवं स्थानीय नागरिकों के बीच प्रथम सत्र कार्यक्रम में वीर बलिदान सम्मान नक्सल उन्मूलन में शहीद स्व. राजकमल कश्यप के माता-पिता को एवं आजीवन साहित्य सेवा सम्मान साहित्यकार बुधराम यादव को प्रदान किया गया। इसी प्रकार द्वितीय सत्र में बीरेन्द्र श्रीवास्तव एवं विजय तिवारी को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर संस्था संयोजक राकेश गुप्त द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रायगढ़ से आए प्रोफेसर डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह एवं प्रमोद पाठक के कर कमलों से छग के वीर सेनानी की शहादत को सम्मानित करते हुए एक सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह उनके माता-पिता को सम्मान सहित सौपा गया। इसी तरह साहित्यकार बुधराम यादव को शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर आजीवन साहित्य सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र के कवि सम्मेलन में स्थानीय साहित्यकारों के साथ-साथ छग के अलग-अलग क्षेत्र के साहित्यकारों ने अपने गीत एवं कविताओं की प्रस्तुति से मंच को बांध दिया। मनेन्द्रगढ़ से साहित्यकार कवि गौरव अग्रवाल ने अपनी कविताओं से भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर प्रस्तुत कर मंच पर समा बांध दिया। मुख्य अतिथि बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने अपने मुक्तक एवं नई कविता प्रस्तुति के तेवर से मंच को ऊंचाइयां दी।

# सुदूर वनांचल इलाकों का अध्यक्ष ने किया दौरा

**हरिभूमि न्यूज. वेस्ट चिरमिरी**



भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला एमसीबी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष माबूद अली के द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा अपना पहला जनसंपर्क दौरा जिले के सुदूर क्षेत्र केल्हारी और जनकपुर का किया गया। अपने जनसंपर्क दौर में वे भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मिल उनसे संगठन के संबंध में जानकारी लेकर उन्हें संगठन को ज्यादा से ज्यादा मजबूत बनाने प्रेरित किया। उन्होंने प्रत्येक मंडल व बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा से जोड़ने भरसक प्रयास करें। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान जगह-जगह उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री माबूद ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि वे इसी तरह पूरे जिले का दौरा कर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और पार्टी कार्यो के लिए सतत प्रयत्नसील रहेंगे।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्राम धौराटिकरा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है। आवेदिका श्रीमती अकांक्षा सिंह पति डॉ. बलवंत सिंह निवासी धौराटिकरा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम धौराटिकरा तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 313/3 रकबा क्रमशः 0.0140 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराना चाहता है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 19/01/2026 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 2/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

# आदिवासी परिवारों की बंजर वनाधिकार भूमि पर लहलहाई फसल



**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

वर्षों से वनभूमि पर कठिन जीवन यापन कर रहे परंपरागत आदिवासी किसानों के लिए अब उनकी ही भूमि आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम बन गई है। वनाधिकार पत्रक के अंतर्गत प्राप्त बंजर एवं असमतल भूमि को महात्मा गांधी राष्टÑीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के सहयोग से उपजाऊ खेतों में परिवर्तित किया गया है। कोरिया जिले के वनांचल क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत सोनहत की ग्राम पंचायत नटवाही एवं इसके आश्रित गांव चुलादर एवं कुर्थी में कुल 17 वनवासी परिवारों को दो वर्ष पूर्व शासन की वनाधिकार पत्रक योजना के तहत भूमि का पट्टा प्रदान किया गया था, परंतु भूमि असमतल एवं पथरीली होने के कारण खेती योग्य नहीं थी, जिससे किसानों को कोई विशेष आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहा था। वनाधिकार भूमि को उपयोगी बनाने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा भूमि समतलीकरण एवं मेड़ बंधान कार्य को ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना में शामिल किया गया। तकनीकी परीक्षण उपरांत प्रत्येक किसान के लिए पृथक-पृथक प्रस्ताव तैयार किए गए। कुल 11.06 हेक्टेयर भूमि के सुधार के लिए मनरेगा अंतर्गत 19 लाख 51 हजार 346 रूपए की राशि स्वीकृत की गई। ग्राम पंचायत को कार्य एजेंसी बनाते हुए 6,744 मानव दिवस का सृजन कर यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया। भूमि सुधार कार्य पूर्ण होने के पश्चात इन किसानों ने खरीफ मौसम में धान को मुख्य फसल के रूप में अपनाया।

